## फर्द अहकाम

मैनादेवी बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र संख्या: 52/25

| दिनांक | आज्ञा विस्तृत रूप से | विशेष विवरण |
|---|---|---|
| 20.01.2025 | पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत् नक्शा शुद्धिकरण पेश किया। पत्रावली में सलंग्न दस्तावेजात का मनन एवं अवलोकन करने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बाबत् नक्शा दुरूस्ती स्वीकार किया जाता है।<br>तहसीलदार सांगानेर को वाके ग्राम बगरूकलां पटवार मण्डल बगरूकलां तहसील सांगानेर में स्थित खसरा नंबर 3530/3 रकबा 0.16 हैक्टयर को खसरा नंबर 3530/1 के स्थान पर तथा खसरा नंबर 3500/30 रकबा 0.21 हैक्टयर को खसरा नंबर 3530/3 के स्थान पर दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है साथ ही खसरा नंबर 3530/3 रकबा 0.16 हैक्टयर तथा खसरा नंबर 3530/1 रकबा 0.21 हैक्टयर रकबा मुताबिक जमाबंदी के अनुसार रकबा बरारी कर तरमीम की जावे।<br>पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>निर्णय आज दिनांक 20.01.2025 को सुनाया गया।<br>(हिम्मत सिंह)<br>आर..ए.एस.<br>उपखण्ड अधिकारी<br>जयपुर–द्वितीय(सांगानेर) | |